# अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश
# Atal Bihari Vajpayee Medical University, Uttar Pradesh

# सूचना बुलेटिन

## जीएनएम पाठ्यक्रम (3 वर्ष) के लिए

## यूपी जीएनएम प्रवेश परीक्षा (यूपीजीईटी)–2025

### शैक्षणिक सत्र : 2025–26

**यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी से संबद्ध जीएनएम कार्यक्रम चलाने वाले समस्त निजी क्षेत्र के संस्थानों/कॉलेजों में जीएनएम पाठ्यक्रम (3 वर्ष) में प्रवेश के लिए**

| | |
|---|---|
| • आवेदन–फॉर्म की उपलब्धता (ऑनलाइन) | : 2 अप्रैल 2025 (बुधवार) |
| • आवेदन की अन्तिम तिथि | : 14 मई 2025 (बुधवार) रात 11:59 बजे तक |
| • फॉर्म संशोधन विण्डो* | : 7 मई 2025 से 14 मई 2025 रात 11:59 बजे तक |
| • प्रवेश–पत्र की ऑनलाइन उपलब्धता ** | : 4 जून 2025 (बुधवार) |
| • प्रवेश परीक्षा | : 11 जून 2025 (बुधवार) |
| • प्रवेश परीक्षा का स्थान | : प्रवेश–पत्र पर अंकित होगा |
| • परीक्षा परिणाम की तिथि | : वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा |

*फॉर्म में संशोधन की अनुमति केवल सीमित प्रविष्टियों के लिए होगी

**प्रवेश–पत्र की संभावित तिथि

विज्ञापन संख्या – 02/प्रवेश–परीक्षा/एबीवीएमयू/2025

**Website** - www.abvmuup.edu.in

**Email** - abvmuupget2025@gmail.com

**Helpline Contact No:** 9889383770, 9889383774 (10:00 AM-6:00 PM)

## अनुक्रमणिका


| क्र0सं0 | विषय सूची | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य सूचना | 3 |
| 2. | महत्वपूर्ण सूचना<br>• परीक्षा शुल्क<br>• पात्रता मापदण्ड<br>    • आयु<br>    • न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आईएनसी रेगुलेशन के अनुसार<br>• आरक्षण नीति | 4 |
| 3. | ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थियों को निर्देश | 5 |
| 4. | ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के चरण : फ्लो चार्ट | 6 |
| 5. | आवेदन फॉर्म भरने के चरण<br>• चरण 1 : अभ्यर्थी पंजीकरण<br>• चरण 2 : लॉगिन एवं आवेदन फॉर्म भरना<br>    • प्रक्रम 1 : व्यक्तिगत विवरण<br>    • प्रक्रम 2 : पता<br>    • प्रक्रम 3 : शैक्षिक योग्यताएँ एवं केन्द्र शहर की प्राथमिकताएँ<br>    • प्रक्रम 4 : फोटो, हस्ताक्षर और सत्यापन शीट<br>    • प्रक्रम 5 : बैंक एवं खाता विवरण और आवेदन फॉर्म का पूर्वावलोकन<br>    • प्रक्रम 6 : लाइव फोटो अपलोड करना<br>• चरण 3 : शुल्क भुगतान<br>• चरण 4 : अन्तिम फॉर्म सबमिशन | 7–11 |
| 6. | प्रवेश पत्र | 12 |
| 7. | परीक्षा<br>• तिथि<br>• समय<br>• परीक्षा केन्द्र<br>• परीक्षा का प्रारूप<br>• प्रश्नों की संख्या<br>• अंक<br>• परीक्षा का माध्यम<br>• पाठ्यक्रम<br>• न्यूनतम अर्हता अंक<br>• परीक्षा केन्द्र पर पालन किए जाने वाले निर्देश<br>• प्रतिबंधित वस्तुएं<br>• परीक्षा के अनुचित साधन<br>• अनुचित साधनों के प्रयोग करने पर दण्ड<br>• परीक्षा परिणाम का रद्द होना | 13–15 |
| 8. | परीक्षा परिणाम<br>• परीक्षा परिणाम की घोषणा<br>• मेरिट–सूची<br>• समान अंक प्राप्त करने में मेरिट का निर्धारण<br>• काउन्सलिंग प्रक्रिया<br>• प्रवेश | 16 |

# सामान्य सूचना

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, उ0प्र0, लखनऊ (एबीवीएमयू), उत्तर प्रदेश के सभी निजी क्षेत्र के संस्थानों/कालेजों के जीएनएम पाठ्यक्रम (3 वर्ष) में प्रवेश के लिए यूपी जीएनएम प्रवेश परीक्षा (यूपीजीईटी) आयोजित कर रहा है।

1. यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी से संबद्ध जीएनएम कार्यक्रम चलाने वाले समस्त निजी क्षेत्र के संस्थानों/कॉलेजों के लिए जीएनएम पाठ्यक्रम (3 वर्ष) में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए सभी प्रवेश यूपी जीएनएम प्रवेश परीक्षा (यूपीजीईटी)–2025 के माध्यम से किये जायेंगे। उपरोक्त संस्थान में कोई सीधा प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
2. जीएनएम प्रवेश परीक्षा (यूपीजीईटी)–2025 के लिए केन्द्र निम्नलिखित शहरों में होंगे*:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. आगरा | 2. अलीगढ़ | 3. अयोध्या | 4. आजमगढ़ |
| 5. बरेली | 6. बस्ती | 7. बाँदा | 8. गाजियाबाद |
| 9. गोण्डा | 10. गोरखपुर | 11. झाँसी | 12. कानपुर |
| 13. लखनऊ | 14. मेरठ | 15. मिर्जापुर | 16. मुरादाबाद |
| 17. प्रयागराज | 18. सहारनपुर | 19. वाराणसी | 20. गौतम बुद्ध नगर |

* प्रशासनिक कारणों से यह शहर बदल भी सकते हैं।

3. प्रवेश परीक्षा ऑफलाइन प्रक्रिया द्वारा सम्पादित होगी।
4. **आवेदन फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा भरे जायेंगे।**
5. **आवेदन फॉर्म डाक अथवा अन्य किसी माध्यम द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**
6. शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए जीएनएम पाठ्यक्रम (3 वर्ष) में प्रवेश हेतु जीएनएम प्रवेश परीक्षा (यूपीजीईटी)–2025 के लिए आवेदन फॉर्म **2 अप्रैल 2025 (बुधवार)** से विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.abvmuup.edu.in** पर उपलब्ध होंगे।
7. केवल पूर्ण रूप से भरा और जमा किया गया आवेदन फॉर्म ही स्वीकार किया जायेगा।
8. **यूपी जीईटी–2025 परीक्षा के लिए अपनी पात्रता की जाँच करना अभ्यर्थी की जिम्मेदारी है।**

# महत्त्वपूर्ण सूचना

## परीक्षा शुल्क

1. **अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग (यूआर/ओबीसी) के अभ्यर्थियों लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क रु0 3000/– और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी)/पीडब्लूडी के अभ्यर्थियों लिए प्रवेश परीक्षा शुल्क रु0 2000/– निर्धारित है।**
2. अभ्यर्थी के फॉर्म भरने के साथ परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा होगा।
3. परीक्षा शुल्क जमा होने के पश्चात् वापस नहीं किया जायेगा और किसी भी अन्य परीक्षा के लिए शुल्क हस्तांतरणीय नहीं है।

## पात्रता मापदण्ड

- **आयु :–** प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 31 दिसंबर, 2025 को या उसके पूर्व न्यूनतम 17 वर्ष होनी चाहिए।
- **न्यूनतम शैक्षिक योग्यता (आईएनसी रेगुलेशन के अनुसार) :–**

1. जीएनएम में प्रवेश के लिए न्यूनतम शिक्षा पात्रता मानदंड :

   a. अंग्रेजी के साथ 10+2 उत्तीर्ण हुए हो तथा किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से योग्यता परीक्षा एवं अंग्रेजी में न्यूनतम 40% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्टेट ओपन स्कूल तथा केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान (एनआईओएस) के छात्र भी इस परीक्षा में अर्ह हैं। यद्यपि विज्ञान को प्राथमिकता दी जाएगी। अंग्रेजी में प्राप्त अंकों को छोड़कर प्रतिशत की गणना के लिए तीन (कोर ऐच्छिक) विषयों के अंक लिए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह सुनिश्चित हो कि अभ्यर्थी का अंग्रेजी में उत्तीर्ण अंक हो।

   b. 10+2 में अंग्रेजी के साथ भारतीय नर्सिंग परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूलों से व्यावसायिक एएनएम पाठ्यक्रम में 40% उत्तीर्ण अंक प्राप्त हुए हों।

   c. 10+2 में अंग्रेजी के साथ किसी मान्यता प्राप्त सीबीएसई बोर्ड/राज्य/केंद्रीय संस्थान से व्यावसायिक स्ट्रीम–हेल्थकेयर साइंस में 40% उत्तीर्ण अंक प्राप्त हुए हों।

   d. उत्तीर्ण अंकों के साथ पंजीकृत एएनएम।

**नोटः–** एससी/एसटी अभ्यर्थियों के लिए कुल अंकों में से 5% की छूट है।

2. अभ्यर्थी को चिकित्सकीय रूप से फिट होना चाहिए। (लोअर एक्स्ट्रेमिटी **में 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक लोको–मोटर विकलांगता** वाले अभ्यर्थियों के लिए योग्यता के सम्बंध में अन्य पात्रता मानदंड उनकी श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित मानदण्डों के समान होंगे)

## आरक्षण नीति :–

1. राज्य सरकार के अनुसार आरक्षण नीति के तहत भारतीय नर्सिंग परिषद (आईएनसी)/राज्य सरकार द्वारा निर्धारित सीटों के आधार पर आरक्षण दिया जाएगा।
2. आरक्षण नीति में किसी प्रकार का परिवर्तन होने पर उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के निर्देशों का पालन किया जाएगा।

**नोट :–**

- **प्रवेश लेने वाले पीडब्ल्यूडी अभ्यर्थियों का लोअर एक्स्ट्रेमिटी की 40 से 50 प्रतिशत तक लोको–मोटर विकलांगता के सत्यापन के लिए राज्य सरकार/सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों द्वारा गठित एक मेडिकल परीक्षण बोर्ड व नर्सिंग विशेषज्ञ के साथ जाँच करानी होगी।**
- **अल्पसंख्यक और अन्य किसी भी श्रेणी के शैक्षणिक संस्थानों के लिए आरक्षण उत्तर प्रदेश के मानदण्डों/निर्देशों के अनुसार होगा।**
- **केवल भारतीय नागरिक ही प्रवेश हेतु पात्र होंगे।**

# ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थियों को निर्देश

- अभ्यर्थी फॉर्म भरने के पूर्व ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
- आवेदन फॉर्म केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से वेबसाइट www.abvmuup.edu.in पर जमा किया जाएगा।
- कोई भी आवेदन फॉर्म डाक या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त नहीं किया जाएगा।
- अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन फॉर्म पर सभी जानकारी सही है। यदि कोई जानकारी कभी भी गलत पाई गई तो अभ्यर्थन/प्रवेश रद्द कर दिया जायेगा।
- उ0प्र0 के समस्त निजी क्षेत्र के संस्थानों/कॉलेजों में जीएनएम पाठ्यक्रम (3 वर्ष) के लिए प्रवेश केवल यूपी जीईटी–2025 के माध्यम से होंगे।
- यदि किसी अभ्यर्थी ने अभ्यास या किसी अन्य कारण से परीक्षा में उपस्थित होने के उद्देश्य से गलत जानकारी प्रदान की है, तो अभ्यर्थी को भविष्य में प्रवेश परीक्षा से वंचित कर दिया जायेगा।
- **अभ्यर्थी पंजीकरण व्यक्तिगत ईमेल आईडी और मोबाइल नम्बर से करेंगे, क्योंकि परीक्षा से सम्बंधित समस्त जानकारी पंजीकृत ई–मेल या मोबाइल नम्बर पर ही भेजी जायेगी। सुरक्षा कारणों से पंजीकरण संख्या किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा नहीं की जानी चाहिए।**
- **पंजीकृत क्रेडेंशियल (ई–मेल/मोबाइल) और पंजीकरण आईडी का उपयोग सभी तरह के संचार में किया जाएगा।** इसकी आवश्यकता एडमिट कार्ड, परीक्षा परिणाम, काउंसलिंग विवरण, आवंटन फॉर्म, प्रवेश आदि प्राप्त करने में भी होगी।
- अभ्यर्थी अपनी पंजीकरण आईडी तथा लॉगिन पासवार्ड नोट कर उन्हें सुरक्षित रखेंगे।
- अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन फार्म में दी गई किसी भी गलत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।
- अभ्यर्थी को यह जाँचना और सुनिश्चित करना होगा कि उसके द्वारा फॉर्म में दी गयी सभी जानकारी और विवरण सही है।
- अधूरे आवेदन बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त कर दिए जायेंगे।
- आवेदन भरने से पहले अभ्यर्थी सत्यापन प्रोफार्मा डाउनलोड करें। डाउनलोड की गई पीडीएफ का ए4 साइज के पेपर में प्रिंटआउट लें और उसे नीले बॉलपॉइंट पेन से अपनी लिखावट में भरें।
- परीक्षा शुल्क जमा होंने के पश्चात् वापस नहीं किया जायेगा और न ही भविष्य की किसी परीक्षा के लिए हस्तान्तरित किया जायेगा।
- एक बार जमा किए गये आवेदन वापस नहीं लिए जा सकेंगे। **अभ्यर्थियों को ध्यान देना चाहिए कि बैंक खाते से शुल्क की कटौती मात्र** शुल्क भुगतान का प्रमाण नहीं है। इसकी पुष्टि सिस्टम जेनरेटेड भुगतान रसीद के माध्यम से होनी चाहिए।
- आपका आवेदन फॉर्म अन्तिम रूप से जमा होने के बाद स्क्रीन पर **"your application form has been successfully submitted"** संदेश दिखाई देगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आपके आवेदन फॉर्म के अंतिम रूप से जमा होने की पुष्टि के लिए आपको यह संदेश प्राप्त हो। जब तक अभ्यर्थी यह संदेश नहीं देख लेता उसे अपना आवेदन फॉर्म अन्तिम रूप से जमा नहीं मानना चाहिए।
- **फॉर्म संशोधन विण्डो** के दौरान अभ्यर्थी अपने भरे हुए फॉर्म में लिंग, जन्म तिथि, पिता का नाम, माता का नाम, शैक्षिक योग्यता में संशोधन कर सकते हैं।

# ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के चरण : फ्लो चार्ट

1. पंजीकरण
2. लॉगिन एवं आवेदन फॉर्म भरना
3. व्यक्तिगत विवरण
4. पता
5. शैक्षिक योग्यताएँ एवं केन्द्र शहर की प्राथमिकताएँ
6. फोटो, हस्ताक्षर और सत्यापन शीट
7. बैंक एवं खाता विवरण और आवेदन फॉर्म का पूर्वावलोकन
8. लाइव फोटो अपलोड करना
9. शुल्क भुगतान
10. अन्तिम फॉर्म सबमिशन

# आवेदन फॉर्म भरने के चरण

## चरण 1 : अभ्यर्थी पंजीकरण

1.1 अभ्यर्थियों को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट **www.abvmuup.edu.in** पर जाना होगा और **UP GNM Entrance Test (UPGET) 2025** के लिंक पर क्लिक करना होगा।

1.2 अभ्यर्थियों को सबसे पहले ***"Register"*** बटन पर क्लिक करके पंजीकरण करना होगा।

1.3 पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों को निम्नलिखित जानकारी देनी होगी :

a) प्रथम नाम (कक्षा 10 के प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार)
b) मध्य नाम
c) अंतिम नाम
d) पिता का नाम (कक्षा 10 के प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार)
e) माता का नाम (कक्षा 10 के प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार)
f) जन्म तिथि (कक्षा 10 के प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र के अनुसार)
g) लिंग
h) ई–मेल (भविष्य में जानकारी एवं सूचना हेतु वैध ई–मेल)
i) मोबाइल नम्बर एवं वैकल्पिक मोबाइल नम्बर (पंजीकरण संख्या व पासवर्ड की एसएमएस आधारित जानकारी के लिए वैध व सक्रिय नम्बर)
j) व्हाट्सएप नंबर
k) श्रेणी
l) उप–श्रेणी

1.4 अभ्यर्थी को पंजीकरण की भरी हुई जानकारी का पूर्वावलोकन करना चाहिए और पंजीकरण सूचना के अन्तिम प्रस्तुतीकरण से पहले उसकी पुष्टि करना चाहिए।

1.5 **जानकारी की पुष्टि करने के बाद, अभ्यर्थी को उनके पंजीकरण ई–मेल और मोबाइल नं0 पर दो अलग–अलग, सत्यापन ओटीपी प्राप्त होंगे। अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि सही मोबाइल ओटीपी और ई–मेल ओटीपी सबमिट किया गया है। अभ्यर्थी द्वारा सफल पंजीकरण के लिए यह एक अनिवार्य चरण है।**

1.6 **एक मोबाइल नंबर और ईमेल सत्यापित होने के बाद, इसका उपयोग केवल एक पंजीकरण के लिए किया जा सकता है।**

1.7 पंजीकरण के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर अभ्यर्थी को उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल पर विशेष पंजीकरण आई.डी. संख्या और वन टाइम लॉगिन–पासवर्ड प्राप्त होंगे।

1.8 इस चरण में अभ्यर्थियों द्वारा दिया गया व्यक्तिगत विवरण (चरण–1) आवेदन फॉर्म में स्वतः भर जायेगा।

1.9 **पंजीकरण के दौरान प्रस्तुत की गई प्राथमिक जानकारी को बाद में किसी भी चरण में बदला या परिवर्तित नहीं किया जा सकता है। फार्म संशोधन विंडो के समय सीमित क्षेत्र में संपादन की अनुमति होगी।**

## महत्त्वपूर्ण निर्देश :

- आवेदन फॉर्म में अभ्यर्थी का विवरण जैसे नाम, जन्म तिथि, लिंग, माता–पिता का नाम दसवीं कक्षा के प्रमाण–पत्र के अनुसार होना चाहिए। पंजीकरण आई.डी. नम्बर एक अभ्यर्थी के लिए उसकी विशिष्ट पहचान है। इसे सुरक्षित रूप से रखा जाना चाहिए तथा दूसरों के साथ साझा नहीं किया जाना चाहिए।
- यदि कोई अभ्यर्थी अपना पंजीकरण आई.डी. नम्बर भूल जाता है तो वह आधिकारिक वेबसाइट पर **"Forgot Registration ID Number"** पर क्लिक कर अपने पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर एस.एम.एस./ई–मेल के माध्यम से विशिष्ट पंजीकरण आई.डी. नम्बर पुनः प्राप्त कर सकता है।

## चरण 2 : लॉगिन एवं फॉर्म भरना

2.1 अभ्यर्थी के सफलतापूर्वक पंजीकृत होने के पश्चात् अभ्यर्थी को एप्लीकेशन पोर्टल पर आवेदन भरने के लिए **GNM** के लिए ***"Login"*** बटन पर क्लिक करना होगा।

2.2 **प्रथम लॉगिन** के लिए, अभ्यर्थी को अपना विशिष्ट पंजीकरण आईडी नंबर और वन–टाइम लॉगिन पासवर्ड सबमिट करना होगा, जो पंजीकरण के समय ईमेल/मोबाइल नंबर पर भेजा गया था।

2.3 अभ्यर्थी को सफलतापूर्वक प्रथम लॉगिन के बाद डिफॉल्ट पासवर्ड को परिवर्तित करना अनिवार्य है। बिना डिफॉल्ट पासवर्ड को परिवर्तित किये अभ्यर्थी आवेदन फॉर्म भरने और शुल्क भुगतान की प्रक्रिया में आगे नहीं बढ़ पायेगा।

2.4 यदि कोई अभ्यर्थी अपना पासवर्ड भूल जाता है तो वह **"Forgot Password"** पर क्लिक करने के पश्चात अपने पंजीकृत मोबाइल नं0/ई–मेल पर ओटीपी प्राप्त करके दोबारा पासवर्ड रिसेट कर सकता है।

2.5 आवेदन फॉर्म भरने के लिए अभ्यर्थी को ***"Fill Form"*** बटन पर क्लिक करना होगा।

2.6 अभ्यर्थी को हर चरण में ***"Save & Next"*** बटन पर क्लिक कर आवेदन फॉर्म विवरण को आवेदन के प्रत्येक चरण में सुरक्षित करना चाहिए जिससे कि अभ्यर्थी अन्तिम प्रस्तुतीकरण से पहले किसी भी समय इन विवरणों की समीक्षा, अद्यतन या सम्पादन कर सके।

### 2.7 आवेदन फॉर्म–प्रक्रम 1 : व्यक्तिगत विवरण

आवेदन फॉर्म के पहले चरण में अभ्यर्थी को व्यक्तिगत विवरण भरना होगा। आवेदन फॉर्म के इस चरण का अधिकांश विवरण पंजीकरण चरण के दौरान आवेदक द्वारा भरे गए पंजीकरण डेटा का उपयोग करके पहले से भरा हुआ होता है।

### 2.8 आवेदन फॉर्म–प्रक्रम 2 : पता

I. इस चरण में अभ्यर्थी को अपना आवासीय विवरण, शहर, राज्य एवं पिन कोड सहित भरना होगा।

II. यदि अभ्यर्थी के पास पत्राचार का अलग पता है तो वह उसे अपडेट कर सकता है, अन्यथा आवासीय एवं पत्राचार पते को एक समान रखने का विकल्प चुन सकता है।

### 2.9 आवेदन फॉर्म–प्रक्रम 3 : शैक्षिक योग्यताएं एवं केंद्र शहर प्राथमिकताएँ

I. इस चरण में, अभ्यर्थी को प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए पात्रता मानक के अनुसार अपनी शैक्षिक योग्यता का विवरण प्रस्तुत करना होगा। इन विवरणों में 10वीं और 12वीं में प्राप्तांक, पूर्णांक, बोर्ड/स्कूल/कॉलेज का नाम आदि शामिल होंगे, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं होंगे।

II. यदि अभ्यर्थी का 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुआ है तो उसके पास उस विशेष कक्षा के लिए ***"Appearing"*** का चयन करने का विकल्प होगा। कृपया ध्यान दें कि प्रवेश हेतु पात्र होने के लिए अभ्यर्थी को यूपी जीईटी 2025 के परिणाम घोषित होने से पहले इस कक्षा के प्राप्तांक का अद्यतन करना होगा। इस कार्य के लिए अभ्यर्थियों को यूपी जीईटी 2025 के प्रवेश परीक्षा सम्पन्न होने के तुरन्त बाद अद्यतन का मौका दिया जायेगा और वे यूपी जीईटी 2025 पोर्टल पर लॉगिन कर अपने प्राप्तांक भर पाएंगे।


III. अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित शहरों में से अपनी प्राथमिकता बतानी होगी, जिसके लिए उन्हें वरीयता क्रम में कुल 03 विकल्प चुनने होंगे। प्रशासनिक कारणों से प्रवेश परीक्षा शहर में परिवर्तन किया जा सकता है।

## 2.10 आवेदन फॉर्म–प्रक्रम 4 : फोटो, हस्ताक्षर और सत्यापन शीट

इस चरण में अभ्यर्थी को अपनी फोटो, हस्ताक्षर और सत्यापन शीट की स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी।

### नवीनतम फोटोग्राफ अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश :

- फोटोग्राफ में सफेद पृष्ठभूमि में सामने से पूरा चेहरा बिना चश्में के होना चाहिए।
- दोनों कान दिखायी देने चाहिए।
- अभ्यर्थी का नाम एवं फोटो लेने की तिथि (DD/MM/YY) को नीचे दिये गए सैम्पल की तरह दर्शाया जाना चाहिए।
- फोटो का प्रारूप .jpg और आकार 50–200 KB का होना चाहिए।
- फोटो का आकार 4.5 x 3.5 से0मी0 पासपोर्ट साइज का होना चाहिए।
- अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का चश्मा नहीं पहनना चाहिए।
- अभ्यर्थी को सिर पर किसी भी प्रकार की हैट/कैप नहीं पहननी चाहिए।




### हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश :

- हस्ताक्षर काले बॉल प्वाइंट पेन से सीधी लिखावट में होनी चाहिए।
- हस्ताक्षर सफेद बिना लाइन के कागज पर होना चाहिए।
- हस्ताक्षर का प्रारूप [.jpg] में होना चाहिए तथा आकार 50–200 KB के बीच होना चाहिए।
- कैपिटल लेटर में किया गया हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं है।
- अपलोड करने के लिए हस्ताक्षर को स्कैन या फोटोग्राफ किया जाना चाहिए।
- हस्ताक्षर में ओवर राइटिंग नहीं होना चाहिए।




### सत्यापन शीट अपलोड करने के लिए दिशा निर्देश :

सत्यापन शीट का प्रारूप यूपी जीईटी–2025 एप्लीकेंट डैशबोर्ड से या प्रक्रम–4 की शुरुआत में डाउनलोड किया जा सकता है। यह सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पूर्व ही सत्यापन शीट पूर्ण रूप से भरी हो।

**नोट :–** यदि किसी भी चरण पर यह पाया जाता है कि हस्ताक्षर /फोटोग्राफ जाली है, तो मामले को “अनुचित साधन प्रयोग” माना जायेगा और तदनुसार कार्यवाई की जायेगी।

## 2.11 आवेदन फॉर्म–प्रक्रम 5 : बैंक एवं खाता विवरण और आवेदन पत्र का पूर्वावलोकन

I. आवश्यकता पड़ने पर काउंसलिंग के उद्देश्य से धन वापसी अभ्यर्थी द्वारा प्रदान किये गये खाता विवरण का उपयोग करके की जाएगी। विफलता की स्थिति में, भुगतान के स्रोत का उपयोग धन वापसी के लिए किया जाएगा।

II. धन वापसी की प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थी को बैंक खाते का विवरण देना होगा।

III. अभ्यर्थी को पासबुक की एक प्रति या रद्द किये गये चेक की एक प्रति भी अपलोड करनी होगी।

IV. बैंक विवरण भरने और बैंक पासबुक या रद्द किये गये चेक की एक प्रति अपलोड करनें के बाद अभ्यर्थी ***"Form Preview"*** अनुभाग में जायेंगे।

V. अभ्यर्थी अब लाइव फोटो अपलोडिंग मॉड्यूल पर जाने के लिए **"Upload Live Photo"** पर क्लिक करेंगे।

## 2.12 आवेदन फॉर्म–प्रक्रम 6 : लाइव फोटो अपलोड करना

1. पोर्टल पर कम्प्यूटर/लैपटॉप के वेबकैम या मोबाइल फोन के कैमरे का उपयोग करके अभ्यर्थी की लाइव तस्वीर खींचने का प्रावधान होगा। अभ्यर्थी को अपनी तस्वीर लेते समय उचित सावधानी बरतनी चाहिए, और विशेष रूप से निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान में रखना चाहिए।
   a) पर्याप्त रोशनी तथा साफ पृष्ठभूमि खोजें।
   b) फोटो लेने से पहले सुनिश्चित करें कि कैमरा आपकी ऑखों के स्तर पर है।
   c) अपने आप को वेबकैम अथवा मोबाइल कैमरा के ठीक सामने रखें और सीधे सामने देखें।
   d) अभ्यर्थी फोटो लेते समय टोपी, मास्क या धूप का चश्मा नहीं पहनेंगे।
   e) अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करेंगे कि लाइव फोटो फोटो का स्वरूप पहले अपलोड की गई पासपोर्ट आकार की तस्वीर जैसी होनी चाहिए।
2. लाइव फोटो कैप्चर सिस्टम स्वचालित रूप से चेहरे की गतिविधि का पता फोटो खींचता है। चेहरे की गति के निर्देश आवेदन फॉर्म पर उपलब्ध हैं।
3. लाइव फोटो खींचने के लिए उपरोक्त दिशा–निर्देशों का पालन करने में विफल रहने पर अभ्यर्थी का आवेदन रद्द हो सकता है।
4. जब लाइव फोटोग्राफ संतोषजनक तरीके से खिंच जाये तो अभ्यर्थी को ***"Upload Live Photograph"*** बटन पर क्लिक करना होगा।
5. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के अंतिम चरण में अभ्यर्थी यह प्रख्यापित करेंगे कि भरा गया विवरण पूर्णतः सत्य व सही है। घोषणा पर सहमति के लिए दिए गए डेक्लरैशन बॉक्स पर [✓] का चिह्न लगाने के पश्चात् अभ्यर्थी को ***"Save & Pay Fee"*** बटन पर क्लिक करना होगा।

## चरण 3 : शुल्क भुगतान

3.1 अभ्यर्थी को यूपी जीईटी–2025 का सफलतापूर्वक आवेदन भर लेने के पश्चात् निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करने के लिए ***"Pay Fee"*** बटन पर क्लिक करना होगा।

3.2 "***Pay Fee***" बटन पर क्लिक करने पर अभ्यर्थी को ऑनलाइन भुगतान गेटवे पर ले जायेगा जहाँ वे डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग या यू0पी0आई0 के माध्यम से आवेदन शुल्क जमा कर पाएंगे।

a) **भुगतान विफल होने की स्थिति में अभ्यर्थी दोबारा भुगतान कर सकता है। अभ्यर्थी को अंतिम भुगतान के असफल प्रयास का संदेश प्राप्त होने के बाद ही नये भुगतान का प्रयास करना चाहिए या किसी भी दशा में यदि कोई संदेश प्राप्त नहीं हुआ है तो अभ्यर्थी को आगे कोई भी भुगतान करने से पहले 30 मिनट तक इंतजार करना चाहिए।**

b) **महत्वपूर्ण : शुल्क जमा करते समय एक से अधिक बार भुगतान करने की स्थिति में, रिफंड उस स्रोत पर किया जाएगा जहां से मूल रूप से भुगतान किया गया था।**

c) आवेदन फॉर्म भरने के लिए नवीनतम सफल भुगतान को ही मान्य किया जाएगा तथा अभ्यर्थी का यदि कोई पुराना भुगतान शेष है तो पुराना भुगतान उसी स्रोत के बैंक खाते पर उसे वापस कर दिया जायेगा।

d) अभ्यर्थी द्वारा सफलतापूर्वक भुगतान करने के पश्चात् भुगतान की रसीद पोर्टल पर अभ्यर्थी लॉगिन से प्राप्त होगी।

## चरण 4 : अन्तिम फॉर्म सबमिशन

4.1 पोर्टल के माध्यम से भुगतान की सफल पुष्टि के बाद, आवेदन फॉर्म स्वचालित रूप से जमा हो जाएगा और पोर्टल पर एक पुष्टिकरण संदेश दिखाया जाएगा।

4.2 आपका आवेदन फॉर्म अन्तिम रूप से जमा होने के बाद स्क्रीन पर **"your application form has been successfully submitted"** संदेश दिखाई देगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आपके आवेदन फॉर्म के अंतिम रूप से जमा होने की पुष्टि के लिए आपको यह संदेश प्राप्त हो। जब तक अभ्यर्थी यह संदेश नहीं देख लेता उसे अपना आवेदन फॉर्म अन्तिम रूप से जमा नहीं मानना चाहिए।

4.3 आवेदन फॉर्म सफलतापूर्वक जमा करने के पश्चात् अभ्यर्थी को उसके पंजीकृत ई–मेल पर एक पुष्टिकरण ई–मेल भेजा जायेगा।

4.4 अभ्यर्थी आवेदन शुल्क सफलतापूर्वक जमा करने के बाद **प्रिंट** बटन पर क्लिक करके अंतिम रूप से जमा किये गये आवेदन फॉर्म को डाउनलोड कर सकता है।

# प्रवेश पत्र

- प्रवेश पत्र ऑनलाइन उपलब्ध होंगे और अभ्यर्थी अपने पंजीकृत आई.डी. नम्बर तथा पासवर्ड का प्रयोग करके व्यक्तिगत लॉगिन के माध्यम से आधिकारिक वेबसाइट ww.abvmuup.edu.in से डाउनलोड कर सकते हैं।
- अभ्यर्थी को उसके प्रवेश–पत्र में उल्लिखित तिथि और समय पर आवंटित परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा।
- अभ्यर्थी को प्रवेश–पत्र का रंगीन प्रिंट आउट लेना आवश्यक है।
- अभ्यर्थी को प्रवेश–पत्र डाक से नहीं भेजा जाएगा।
- किसी भी स्थिति में यूपी जीईटी–2025 के लिए डुप्लीकेट प्रवेश–पत्र परीक्षा केन्द्रों पर जारी नहीं किया जायेगा।
- अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र को किसी भी प्रकार से क्षति नहीं पहुॅचाएंगे या उसमें किसी भी प्रविष्टि को बदलने की कोशिश नहीं करेंगे।
- अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र को भविष्य के संदर्भ के लिए सुरक्षित रखें।
- प्रवेश–पत्र निर्गत होने का तात्पर्य यह नहीं है कि अभ्यर्थी की पात्रता स्वीकार कर ली गयी है। पात्रता की जाँच प्रवेश प्रक्रिया के बाद के चरणों में की जायेगी।
- सत्यापन हेतु परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र के साथ उनकी फोटो/वीडियोग्राफी की जायेगी।
- परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश–पत्र का डिजिटल प्रारूप स्वीकार नहीं किया जायेगा।
- **प्रवेश परीक्षा के लिए निर्देश अगले अनुभाग में दिए गए हैं। परीक्षा केंद्र पर इन निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाना अनिवार्य है।**

# परीक्षा

**तिथि** : 11–06–2025 (बुधवार)

**समय** : प्रातः 11:00 से अपराह्न 01:00 बजे तक (120 मिनट)

**परीक्षा केन्द्र** : जैसा प्रवेश पत्र में वर्णित है।

**परीक्षा का प्रारूप** : **द्विभाषी एम0सी0क्यू0 (अंग्रेजी व हिन्दी)**–वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय उत्तर वाले प्रश्न जिनका उत्तर ऑप्टिकल मार्क रीडर शीट (ओ.एम.आर. शीट) पर केन्द्र में प्रदान किए गये काले बॉल प्वाइंट पेन का प्रयोग करके दिया जायेगा।

**प्रश्नों की संख्या** : **100**

**अंक** : प्रत्येक सही उत्तर पर **01 अंक प्रदान** किया जायेगा। गलत या एक से अधिक उत्तर पर **कोई नकारात्मक अंकन नहीं है।**

**परीक्षा का माध्यम** : अंग्रेजी और हिन्दी

**पाठ्यक्रम** :

| खण्ड | विषय | लेवल | एमसी क्यू संख्या |
|---|---|---|---|
| A | विज्ञान | कक्षा 10th | 50 |
| B | सामान्य ज्ञान | कक्षा 12th | 30 |
| C | अंग्रेजी | कक्षा 12th | 20 |

**न्यूनतम अर्हता अंक :** GNM पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का न्यूनतम अर्हता मानदण्ड इस प्रकार है :

| | |
|---|---|
| सामान्य – | 50 प्रतिशतक (50th percentile) |
| सामान्य–पी.डब्ल्यू.डी. – | 45 प्रतिशतक (45th percentile) |
| एस.सी/एस.टी/ओ.बी.सी. – | 45 प्रतिशतक (45th percentile) |
| एस.सी/एस.टी/ओ.बी.सी.–पी.डब्ल्यू.डी. – | 45 प्रतिशतक (45th percentile) |

## परीक्षा केन्द्र पर पालन किए जाने वाले निर्देश

- **रिपोर्टिंग समयः प्रातः 09:00 बजे** (परीक्षा प्रारम्भ होने से 02 घण्टे पूर्व)
- **परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थी की अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक सत्यापन किया जायेगा। यदि अभ्यर्थी बायोमैट्रिक सत्यापन में असफल होता है तो उसे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।**
- **किसी भी अभ्यर्थी को प्रातः 10:15 बजे के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।**
- किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा समाप्त होने से पूर्व परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
- अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसने परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व ओएमआर की मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं प्रश्न पुस्तिका पर्यवेक्षक को सौंप दी है। ऐसा न करने पर यह अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।

**प्रतिबंधित वस्तुएं :** परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने से पूर्व सभी परीक्षार्थियों की सघन व व्यापक तलाशी ली जायेगी। परीक्षार्थियों को किसी भी स्थिति में परीक्षा केन्द्र के भीतर निम्नलिखित सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है-

a) कोई भी वस्तु जैसे पाठ्य–सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज, ज्योमेट्री/पेंसिल बाक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, पेन, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, रबड़, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर, इत्यादि।
b) कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड, स्मार्ट वाच, इत्यादि।
c) अन्य वस्तुएं जैसे पर्स, चश्मा, बेल्ट, हैण्डबैग, टोपी इत्यादि।
d) किसी प्रकार की घड़ी, कंगन, कैमरा इत्यादि।
e) किसी प्रकार का कोई आभूषण/धातु की वस्तुएं।
f) किसी प्रकार का खुला या बन्द खाद्य पदार्थ, पानी की बोतल आदि।
g) कोई अन्य वस्तु जिसका प्रयोग संचार उपकरणों को छुपाकर अनुचित साधनों के प्रयोग के लिए किया जा सकता है, जैसे–माइक्रोचिप, कैमरा, ब्लूटूथ उपकरण आदि।

**यह सूची लंबी है, परन्तु संपूर्ण नहीं है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पत्र एवं मान्य पहचान पत्र के अलावा कोई भी दूसरी वस्तु ले जाने की अनुमति नहीं है। परीक्षार्थियों से सम्बन्धित किसी भी वस्तु/वस्तुओं को रखने के लिए केन्द्र पर कोई व्यवस्था नहीं की जायेगी।**

**परीक्षा के अनुचित साधन :** अनुचित साधन का प्रयोग एक ऐसी गतिविधि है, जो एक परीक्षार्थी को दूसरे परीक्षार्थी की तुलना में अनुचित लाभ प्रदान करती है। इसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं, किन्तु यह सूची संपूर्ण नहीं है।

a) किसी भी ऐसी वस्तु को अपने पास रखना जो निषिद्ध है या जिसका अनुचित व्यवहार के लिए उपयोग किया जा सकता है, जिसमें कोई स्टेशनरी आइटम, संचार उपकरण, खाद्य पदार्थ, आभूषण या सम्बंधित पेपर में परीक्षा के लिए प्रासंगिक या अप्रासंगिक कोई भी अन्य सामग्री या जानकारी शामिल है।
b) परीक्षा देने के लिए या नकल के लिए सामग्री तैयार करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति का उपयोग करना।
c) परीक्षा नियमों या यूपी जीईटी 2025 परीक्षा के संचालन सम्बंधी एबीवीएमयू द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का उल्लंघन करना।
d) अन्य अभ्यर्थियों को कदाचार में शामिल होने में सहायता करना, किसी भी प्रकार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष सहायता देना अथवा प्राप्त करना या ऐसा करने का प्रयास करना।
e) उत्तर के लिए प्रदान की गयी उत्तर पुस्तिका के अतिरिक्त किसी अन्य सामग्री पर प्रश्न या उत्तर लिखना।
f) उत्तर पुस्तिका/प्रश्न पुस्तिका का कोई भी पृष्ठ फाड़ना।
g) परीक्षा केन्द्र में परीक्षा के दौरान परीक्षा स्टॉफ के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से सम्पर्क या संवाद करना अथवा ऐसा करने का प्रयास करना।
h) उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर. की मूल प्रति/ओ.एम.आर. की कार्यालय प्रति) को परीक्षा कक्ष से बाहर ले जाना।
i) प्रश्न पुस्तिका या उसके भाग को बाहर ले जाना।
j) परीक्षा संचालन से जुड़े किसी भी व्यक्ति या किसी भी अभ्यर्थी को धमकाना।
k) परीक्षा के सम्बंध में किसी अन्य अवांछनीय तरीके या साधन का उपयोग करना या उपयोग करने का प्रयास करना।

l) ऑनलाइन दस्तावेजों जैसे एडमिट कार्ड, रैंक लेटर, स्व–घोषणा आदि में हेर–फेर आदि।

m) परीक्षा केन्द्र/कक्ष में/से बलपूर्वक प्रवेश या निकास।

n) कक्ष निरीक्षक या परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी व्यक्ति के साथ असभ्य व्यवहार करना।

o) परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पश्चात् किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग करना या करने का प्रयास करना, आवेदन–पत्र/प्रवेश–पत्र/प्रोफॉर्मा पर गलत या बदली हुई तस्वीरें चिपकाना/अपलोड करना, ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर मुद्रित किसी भी जानकारी को मिटाना या मिटाने का प्रयास करना, ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर गलत जानकारी देना या रोल नम्बर/टेस्ट बुकलेट नम्बर/अभ्यर्थी का नाम/माता–पिता का नाम/स्वयं के हस्ताक्षर को ओवरराइट करना।

p) परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले या बाद में जाँच के लिए वेबसाइट पर अपलोड की गयी ओ.एम.आर. शीट के उत्तरों में हेर–फेर करके फर्जी दावे करना।

q) परीक्षा के सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन में बाधा उत्पन्न करना।

r) विश्वविद्यालय द्वारा अनुचित साधनों के रूप में घोषित कोई भी अन्य कदाचार।

**अनुचित साधनों के प्रयोग करने पर दण्ड :** परीक्षा के दौरान, उसके पूर्व/पश्चात् यदि कोई परीक्षार्थी उपरोक्त में से किसी भी या समान गतिविधि में लिप्त होता है तो उसे अनुचित साधन का प्रयोग करने वाला/वाली माना जायेगा तथा उसके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। परीक्षार्थी को आगामी 3 वर्षों के लिए परीक्षा देने से प्रतिबंधित कर दिया जायेगा। उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही/अन्य कार्यवाही जो उचित समझा जाए, की जायेगी। उसका परीक्षा परिणाम रद्द कर घोषित नहीं किया जायेगा।

**परीक्षा परिणाम का रद्द होना :**

a) यूपी जीईटी–2025 में सम्मिलित परीक्षार्थी जो अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाए जायेंगे उनका परिणाम रद्द कर घोषित नहीं किया जायेगा।

b) इसी प्रकार उन अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम जो अपने आवंटित केन्द्रों के अतिरिक्त किसी अन्य केन्द्र पर परीक्षा देते हैं, अन्य अभ्यर्थी की टेस्ट बुकलेट/ओ.एम.आर. सीट पर लिखते हैं या अन्य अभ्यर्थी को अपनी टेस्ट बुकलेट/ओ.एम.आर. सीट पर लिखने देते हैं, रद्द कर घोषित नहीं किया जायेगा।

# परीक्षा परिणाम

a) प्रवेश परीक्षा के परिणाम की घोषणा की तिथि **अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, उ0प्र0, लखनऊ** की आधिकारिक वेबसाइट (**www.abvmuup.edu.in**) पर घोषित की जायेगी।

b) प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जायेगी। एक संयुक्त मेरिट सूची और श्रेणीवार मेरिट–सूची भी तैयार की जायेगी।

c) **समान अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में मेरिट का निर्धारण :**

यूपी जीईटी–2025 में यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी समान अंक प्राप्त करते हैं तो उस स्थिति में अन्तर–से–मेरिट का निर्धारण निम्न प्रकार से होगाः

1. अभ्यर्थी जिसने प्रवेश–परीक्षा में विज्ञान में ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।
2. इसके पश्चात् ऐसे अभ्यर्थी जिसने प्रवेश–परीक्षा में अंग्रेजी में ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।
3. इसके पश्चात् ऐसे अभ्यर्थी जिसने प्रवेश–परीक्षा में सामान्य ज्ञान में ज्यादा अंक प्राप्त किये हैं।
4. अधिक आयु
5. हाई स्कूल (10वीं) परीक्षा में प्राप्त अंक प्रतिशत (यदि अंक समान हैं तो हिन्दी/अन्य भाषा तथा अंग्रेजी के क्रम में व्यक्तिगत अंकों की पारस्परिक मेरिट रैंकिंग पर विचार किया जाएगा)।

## काउन्सलिंग प्रक्रिया :

काउन्सलिंग का विवरण प्रवेश परीक्षा परिणाम के घोषित होने के बाद आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

## प्रवेश :

a. कॉलेज का चयन और आवंटन यूपी जीएनएम प्रवेश परीक्षा–2025 (यूपी जीईटी–2025) की मेरिट सूची के आधार पर काउन्सलिंग द्वारा ही किया जायेगा।

b. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने जीएनएम पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है, वे विश्वविद्यालय द्वारा दी गई तिथि में निर्धारित शुल्क जमा करेंगे। निर्धारित शुल्क न जमा होने की स्थिति में वह पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अर्ह नहीं रहेंगे।

c. अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि में ही पाठ्यक्रम में प्रवेश लेंगे।

## महत्वपूर्ण सूचना :

- **किसी भी विवाद की स्थिति में माननीय कुलपति, एबीवीएमयू, उ0प्र0, लखनऊ का निर्णय अंतिम होगा।**
- **किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ होगा।**
- **सूचना बुलेटिन में किसी भी विवाद या विसंगति की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण को सही माना जायेगा।**

*********